दिनांक–04.08.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार,**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छोटे किसानों को फूड सिक्योरिटी की सबसे बड़ी ताकत बताया।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- बहनों के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित।
- प्रदेश में लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर, मंदसौर, धार, झाबुआ सहित 5 जिलों में आज भारी बारिश का रेड अलर्ट।
- मध्यप्रदेश अंगदान के लिए 'बेस्ट इमर्जिंग स्टेट' पुरस्कार से सम्मानित।

अब समाचार विस्तार से...

**पीएम कृषि**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत अतिरिक्त खाद्यान्न का उत्पादन करने वाला देश है और वह वैश्विक खाद्य सुरक्षा और वैश्विक पोषण सुरक्षा कार्यों में लगा हुआ है। प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार किसानों के जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से सुधारों और उपायों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है। प्रधानमंत्री कल दिल्ली में 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने छोटे किसानों को फूड सिक्योरिटी की सबसे बड़ी ताकत बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढावा दे रहा है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने किसानों को जलवायु अनुकूल फसलों की एक हजार नौ सौ नई किस्में उपलब्ध कराई हैं। श्री मोदी ने किसानों को जमीन के डिजिटल आइडेंटिफिकेशन नंबर दिए जाने की भी घोषणा की।

**लाड़ली बहना कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहनों के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। कल नरसिंहपुर में डॉ. यादव रक्षाबंधन एवं श्रावण उत्सव में आयोजित लाड़ली बहनों के आभार सह उपहार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लाड़ली बहनों को राज्य सरकार प्रतिमाह 1 हजार 250 रुपये की राशि दे रही है, जिसका उपयोग बहनें अपने परिवार को चलाने के लिए करती हैं। इस बार रक्षाबंधन के अवसर पर 10 तारीख को लाड़ली बहना

योजना की राशि के साथ उन्हें 250 रुपये अलग से दिये जायेंगे। यह राशि प्रदेश की 1.29 करोड़ बहनों के बैंक खातों में अंतरित की जायेगी। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व सभी त्यौहारों से बड़ा है, जो भाई- बहन के अटूट प्रेम को प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 151 करोड़ 13 करोड़ रुपये की लागत से 12 निर्माण कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन व शिलान्यास किया। साथ ही विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये।

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव दमोह जिले के जबेरा में लाड़ली बहना उत्सव सह उपहार कार्यक्रम में भी शामिल हुए। यहां उन्होनें जबेरा को नगर परिषद बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने दमोह जिले के प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत तेंदूखेड़ा जामूनखेड़ा अजितपुर से अभाना पाटन मार्ग पर 4.5 करोड़ की लागत से उच्च स्तरीय पुल का सिंगल क्लिक के माध्यम से लोकार्पण किया। विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। जबेरा मंडी परिसर में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान अंतर्गत सप्तपर्णी का पौधा रोपा।

**मौसम-बारिश**

प्रदेश में लगातार बारिश का दौर जारी है। भोपाल समेत 25 जिलों में कल बारिश हुई। राज्य में सबसे ज्यादा बारिश कल रीवा में हुई। यहां डेढ़ इंच पानी गिरा। जबलपुर में सवा इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। **डिंडोरी** से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में पिछ्ले तीन दिनों से लगातार बारिश का दौर जारी है, बारिश के चलते नदी नाले उफान पर हैं कई मार्गों पर नदियों में बाढ़ के चलते आवागमन बाधित हो रहा है। **जबलपुर** मे दो दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण नदियां और नाले उफान पर हैं वहीँ  बरगी बांध के नौ गेट खुलने से गौरी घाट तिलवारा समेत अनेक घाटों का जल स्तर तेजी से बढ़ गया है। जलस्तर बढ़ने से सभी दुकानों को हूटर बजाकर अलर्ट किया। नर्मदापुरम में भी तवा डैम के 9 गेट खोले गए। इससे नर्मदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ते जा रहा है। उमरिया में जोहिला नदी पर बने डैम का एक गेट सीजन में पहली बार खोला गया। **पन्ना** जिले में बीते दो दिनों से झमाझम बारिश का दौर जारी हे। जिससे जिले की केन,व्यारमा और मिढ़ासन सहित कई नदी नाले उफान पर चल रहे है।

शाहनगर स्थित केन नदी का पानी पुल के ऊपर से चल रहा हे जिससे

बोरी रोड पर आवागमन प्रभावित हुआ है। कटनी में कलेक्टर ने बारिश को देखते हुए अधिकारियों को सजगता और सतर्कता रखने के निर्देश दिए हैं। **सीहोर** में पिछले 48 घण्टो से जारी झमाझम बारिश ने सभी प्राकृतिक जल स्रोतों को लबालब कर दिया है, ऐसे में भोपाल तालाब को भरने वाली कुलास नदी भी उफान पर है। इस नदी के मुहाने बसे एक दर्जन गांव में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो चुकी है। मंडला जिले में बीते 24 घंटों के दौरान जिले में औसतन करीब 30.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। 1 जून से अभी तक बारिश का आंकड़ा 35.5 इंच के पार पहुंच चुका हैं। विदिशा और अशोकनगर को जोड़ने वाले बाह्य नदी के पुल पर दो फीट ऊपर से पानी बह रहा है। रायसेन में प्राकृतिक झरने फूट पड़े हैं। मौसम विभाग ने आज 5 जिलों मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, धार और हरदा में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

**रीवा-हादसा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल रीवा में दीवार गिरने से चार बच्चों की मृत्यु पर दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ईश्वर से दिवंगत बच्चों की आत्मा को शांति प्रदान करने और हादसे में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतक बच्चों के परिजन को राज्य सरकार की ओर से 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि रीवा के ग्राम गढ़ में निजी विद्यालय के समीप दीवार गिरने से 5 से 8 साल आयु के मासूम बच्चों की असमय मृत्यु हो गई थी।

**मध्यप्रदेश पुरस्कार**

मध्यप्रदेश को अंगदान को बढ़ावा देने के लिए 'बेस्ट इमर्जिंग स्टेट' का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कल डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, दिल्ली में आयोजित 14वें भारतीय अंगदान दिवस समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया। इंदौर सांसद शंकर लालवानी, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा तरुण पिथोड़े और महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, इंदौर के डीन डॉ. संजय दीक्षित ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में 60 ब्रेन डैड कैडेवरिक दान सफलतापूर्वक पूरे हुए हैं, जो अंगदान में एक नया बेंचमार्क है। वर्ष 2018 में महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, इंदौर में राज्य अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन की स्थापना हुई थी। इसी वर्ष इंदौर जिले को अंगदान के क्षेत्र में 'बेस्ट इमर्जिंग

डिस्ट्रिक्ट' का पुरस्कार प्राप्त हुआ था।

**क्रिकेट भारत श्रीलंका**

भारत और श्रीलंका के बीच तीन एकदिवसीय क्रिकेट मैच की श्रृंखला का दूसरा मुकाबला आज कोलंबो में होगा। यह मैच दोपहर ढाई बजे से खेला जाएगा। मैच का आंखों देखा हाल आकाशवाणी से सुनाया जाएगा। श्रृंखला का पहला मैच टाई रहा था। भारत की ओर से रोहित शर्मा और विराट कोहली इस सीरीज में खेल रहे हैं।

**ओलिंपिक - कार्यक्रम**

पेरिस ओलिंपिक में बैडमिंटन के सेमीफाइनल में, आज लक्ष्य सेन का मुकाबला डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन से होगा। यह मैच दोपहर साढे तीन बजे से खेला जाऐगा। आज **मुक्केबाजी** में लवलीना बोरगोहेन 75 किलोग्राम भारवर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन की ली कियान से भिडेंगी। यह मुकाबला दोपहर बाद तीन बजकर दो मिनट पर होगा। पुरुष **हॉकी** के क्वार्टरफाइनल में, आज भारतीय टीम का मुक़ाबला दोपहर डेढ़ बजे ब्रिटेन से होगा। निशानेबाज़ी में, राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अनीश भानवाला और विजयवीर सिद्धू 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल के क्वालीफिकेशन चरण में चुनौती पेश करेंगे। यह स्पर्धा आज दोपहर डेढ बजे होगी।

**स्तनपान**

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा है कि माँ के दूध का कोई विकल्प नहीं है। इससे नवजात को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। कल भोपाल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि जन्म के 1 घंटे के भीतर शिशु को मां का दूध पिलाना सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। इसके लिए लोगों को जागरूक करने के प्रयास सतत होते रहने चाहिए। श्री पटेल ने चालित खाद्य प्रयोगशाला का भी अवलोकन किया गया। इस प्रयोगशाला में खाने में मिलावट की जांच सरल विधियों से किए जाने की जानकारी दी जाती है। चलित प्रयोगशाला में विभिन्न खाद्य पदार्थों, पेय पदार्थों, मसाले इत्यादि में मिलावट की जांच करने के सरल घरेलू तरीके भी बताए जाते हैं। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें घर में उपलब्ध खाद्य पदार्थों जैसे

चना, मूंगफली, नारियल,बेसन इत्यादि से पौष्टिक व्यंजन बनाने के तरीके बताए गए।

**संक्षिप्त समाचार**

1. आगरमालवा में हरियाली अमावस्या के अवसर पर सीएम राइज विद्यालय में कल ग्रीन-डे सेलिब्रेशन में प्रकृति प्रेम को प्रदर्शित करने वाली एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी हुई प्रस्तुतियां दी गई।
2. इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने इंदौर जिले के सभी कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देश दिए हैं कि वे किसी भी विद्यार्थी के मूल दस्तावेज अपने कार्यालय में नहीं रखें।
3. सीएम डॉ मोहन यादव आज शाजापुर जिले के दौरे पर रहेंगे। यहां 20 करोड़ की लागत से बने 100 बेड के अस्पताल का शुभारंभ करेंगे।
4. नीमच में कल आयोजित एक बैठक उज्जैन सम्भाग के संभागायुक्त संजय गुप्ता ने निर्देश दिए कि राजस्व महाअभियान 2.0 के तहत समग्र, खसरा, ई-केवायसी के लिए किसानों को प्रेरित करके गांवों में मुनादी करवाएं।
5. निवाड़ी कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की निर्देशन में कल सीएम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पृथ्वीपुर में आनंद सभा का आयोजन किया गया।
6. खंडवा का गौरव दिवस 3 से 5 अगस्त तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कल गौरव दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अलग-अलग स्कूलों के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर नगर निगम पहुंचकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

**अंत में मुख्य समाचार,एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छोटे किसानों को फूड सिक्योरिटी की सबसे बड़ी ताकत बताया।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- बहनों के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित।
- प्रदेश में लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर, मंदसौर, धार, झाबुआ सहित 5 जिलों में आज भारी बारिश का रेड अलर्ट।
- मध्यप्रदेश अंगदान के लिए 'बेस्ट इमर्जिंग स्टेट' पुरस्कार से सम्मानित।

………………………………